कार्यालय महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उत्तर प्रदेश।

संख्याःएमई–3/2021/1278 लखनऊःदिनांकः–04 मई, 2021

आवश्यक सूचना

इस कार्यालय के पत्र दिनांक 22.4.2021 एवं दिनांक 25.4.2021 के द्वारा राजकीय मेडिकल कालेज, बदायूँ/जालौन/कन्नौज/आजमगढ़ एवं स्वशासी शाहजहॉपुर के सीनियर रेजीडेण्ट एवं 09 स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में नवनियुक्त नॉन पी0जी0 जूनियर रेजीडेण्टो को प्रदेश के निजी क्षेत्र के मेडिकल कालेजो, सुपर स्पेशिलिटी बाल चिकित्सालय, नोएडा, सुपर स्पेशिलिटी कैंसर इंस्टीट्यूट, लखनऊ, राजकीय आयुर्विज्ञान संस्थान, ग्रेटर नोएडा, जी0एस0वी0एम0 मेडिकल कालेज, कानपुर, किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय, लखनऊ में दिनांक 26 अप्रैल, 2021 को मध्याह्न 12:00 बजे तक कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश वेबसाइट पर प्रदर्शित किये गये थे। कतिपय अभ्यर्थियो द्वारा तैनाती स्थल पर अभी तक संबंधित कालेज/संस्थान/विश्वविद्यालय मे कार्यभार ग्रहण नहीं किया गया है।

अतः समस्त सीनियर/नॉन पी0जी0 जूनियर रेजीडेण्टो को पुनः निर्देशित किया जाता है कि अपनी योगदान आख्या सम्बन्धित कालेज/विश्वविद्यालय/संस्थान में **दिनांक 07 मई, 2021 तक प्रत्येक दशा में** प्रस्तुत कर दें। यदि इसके उपरान्त भी कार्यभार ग्रहण नही किया जाता है, तो आपके विरूद्ध महामारी अधिनियम–1897 के अन्तर्गत दण्डात्मक/विधिक कार्यवाही करते हुए उत्तर प्रदेश मेडिकल काउसिंल को पंजीकरण निरस्त करने की संस्तुति कर दी जायेगी, जिसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व संबंधित अभ्यर्थी का होगा।

यह भी सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय की वेबसाइट www.updgme.in अस्थायी रूप से कार्य न करने के कारण वेबसाइट मे परिवर्तन हुआ है। अतः विभाग की वेबसाइट **www.dgmeup.in** पर अद्यतन सूचनाएं देखी जा सकती है।

महानिदेशक।